दिनांकः 10.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार तेज़ हो गया है। प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों के दौरे और जनसभाएं लगातार जारी हैं। भाजपा की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर आज बीकानेर में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दौसा के सिकराय में आमसभा को संबोधित कर रहे हैं। वे जयपुर ग्रामीण और नागौर लोकसभा क्षत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का आज अलवर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभाएं करने का कार्यक्रम है।

दूसरी ओर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा हनुमानगढ और श्रीगंगानगर के मिर्जेवाला में पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार कर रहे हैं। इसके अलावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट की भी विभिन्न स्थानों पर जनसभाएं हो रही हैं।

इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोगों को जोड़ने की कोशिश की है। वहीं दूसरी ओर वे लोग हैं, जिन्होंने बांटने की कोशिश की है।

उधर, प्रदेश भाजपा की चुनाव सह प्रभारी विजया राहटकर ने श्रीगंगानगर में एक प्रेस वार्ता में कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है, जब बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

इस बीच, प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आज कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाजपा सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे सीताराम अग्रवाल भी शामिल हैं।

....

आज विश्व होम्योपैथी दिवस है। होम्योपैथी के जनक डॉक्टर हैनीमेन की जयंती को इस दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में होम्योपैथी संगोष्ठी का उद्घाटन किया। दो दिन की इस संगोष्ठी का आयोजन आयुष मंत्रालय के होम्योपैथी अनुसंधान परिषद की ओर से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य होम्योपैथी के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देना है। विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष में प्रदेश में भी कई स्थानों पर चिकित्सा शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

....

चेटीचंड का पर्व आज श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। भगवान झूलेलाल की जयंती चेटीचंड के रूप में मनायी जाती है। सिंधी पंचायत समितियों की ओर से संकीर्तन और प्रभात फेरी के आयोजन हुए। झूलेलाल जन्मोत्सव पर बूंदी में वाहन रैली निकाली गयी। सिंधी समाज की ओर से आयोजित इस रैली का शहर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसी कड़ी में जैसलमेर में भी वाहन रैली निकाली गयी और जवाहर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

हनुमानगढ़, भीलवाड़ा और सवाईमाधोपुर सहित अन्य स्थानों पर झूलेलाल मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है और विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हो रहे हैं। इस अवसर पर जयपुर में भी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। भरतपुर में झूलेलाल मंदिर में फूल बंगला झांकी सजायी गयी है।

वहीं चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। जैसलमेर के रामदेवरा में चैत्र मेला परवान पर है। देशभर से भक्त इसमें हिस्सा लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

....

प्रदेश में आज कई स्थानों पर मौसम का मिज़ाज बदला हुआ है। बूंदी, झालावाड़, सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़ और जयपुर में बादल छाये हुए हैं। वहीं भीलवाड़ा में सुबह बूंदाबांदी हुई। बीते 24 घंटों में बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, डूंगरपुर सहित कई स्थानों पर तेज गर्मी का असर रहा और पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। फलौदी में 41 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले चार–पांच दिनों तक कई स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चलने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग में आज और कल कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।

....

आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस की टीम के साथ होगा। ये मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। राजस्थान रॉयल्स की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले चार मैचों में जीत दर्ज कर चुकी है।

....